चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

अतिमहत्वपूर्ण / सर्वोच्च प्राथमिकता

पत्रांक : गोप0 / 2571
दिनांक : 22-05-26

विज्ञप्ति

विषय : 38वें दीक्षान्त समारोह के दृष्टिगत प्रथमतः अन्तिम सेमेस्टर जून–2026 एवं अन्तिम वर्ष–2026 के समस्त पाठ्यक्रमों के आन्तरिक / प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा के अंक अपलोड करने के सम्बन्ध में।

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों / संस्थानों में संचालित परम्परागत एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा सम्पन्न कराये जाने हेतु परीक्षकों के पैनल सम्बन्धित महाविद्यालयों / संस्थानों को प्रेषित किये जा चुके हैं।

विश्वविद्यालय का 38वां दीक्षान्त समारोह इस वर्ष शीघ्र ही आयोजित किया जाना सम्भावित है। इस हेतु शीघ्रातिशीघ्र समस्त परीक्षा परिणाम घोषित किये जाने हैं। तत्पश्चात् सर्वाधिक अंक प्राप्तकर्ता छात्र / छात्रा को मेडल प्रदान किये जाने हेतु श्रेष्ठता सूची जारी की जानी है जिसकी एक लम्बी प्रक्रिया है।

अतः प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक से अनुरोध है कि **सर्वप्रथम अन्तिम सेमेस्टर जून–2026 एवं अन्तिम वर्ष–2026 के समस्त पाठ्यक्रमों के आन्तरिक / प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा** के अंक 07 दिवस के अन्दर पोर्टल पर अपलोड करने का कष्ट करें ताकि परीक्षा परिणाम समय से घोषित किये जा सके और श्रेष्ठता सूची समय रहते नियमानुसार जारी की सके।

22/5

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

1. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के सादर संज्ञानार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
3. सम्बन्धित महाविद्यालयों / संस्थानों के प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. निदेशक, सार इन्फोसिस्टम प्रा0लि0 को इस निर्देश के साथ कि उक्त लिंक पर अंक अपलोड करने की निर्बाध सेवायें उपलब्ध कराना और यदि कोई समस्या उत्पन्न होती है तो तत्काल उसका निस्तारण करना भी सुनिश्चित करें।
5. प्रभारी, वेबसाईट चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ।
6. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता को इस आशय से प्रेषित कि वे छात्र हित में उक्त सूचना विश्वविद्यालय के परिक्षेत्र में आने वाले समस्त जिलों के सम्मानित समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।

सहा0 कुलसचिव (गोपनीय)